from which date the new Agreements are likely to be introduced?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI SHIVRAJ PATLL): (a) to (c) Details regarding the wage agreements of the employees of the Hotel Corporation of India are given in the statement enclosed.

Statement

Name of the Unit	Status of wage agreement in respect of unionised category	Remarks
Centaur Hotel, Bombay Airport, Bombay.	Earlier agreement expired on 30-9-86. Wage agreement for the period 1-10-86 to 30-9-90 has been signed.	This agreement is awaiting Government approval.
Centaur Hotel, Juhu Beach, -. Bombay.	Negotiations are in progress for reaching a wage agreement from 1-4-1988.	
Centaur Hotel, Delhi Airport, Delhi.	Earlier agreement expired on 29-2-1988. Negotiations are in progress for signing a new agreement from 1-3-1988	•»
Centaur Lake View Hotel, Srinagar.	Existing wage agreement expired on 31-1-89, Negotiations will be held for reaching a fresh wage settlement.	...
'Chefair' Flight Kitchen, Delhi.	Earlier agreement expired on 31-5-87. Negotiations are in progress for signing a fresh Wage settlement.	••
•Chefair'Flight Kitchen, Bombay.	Earlier agreement expired on 21-3-87. Negotiations are in progress for signing a fresh wage agreement.	••

Regarding officers category, the existing wage levels which are in operation since 1|8|1983 are due for revision from 1|8|1987.

मध्य प्रदेश में प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र

921. **श्री अजीत जोगी** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में प्रौढ़ शिक्षा के कुल कितने केन्द्र चल रहे हैं ;

(ख) ये केन्द्र कौन-कौन सी योजनाओं के अन्तर्गत चल रहे हैं ;

(ग) इन केन्द्रों में अध्ययनरत छात्रों की संख्या कितनी है ; और

(घ) क्या सरकार को हाल ही में फिर से ऐसी शिकायतें प्राप्त हुई हैं कि इनमें से अधिकांश केन्द्रों में बहुत कम छात्र पंजीकृत प्रतिशत की तुलना में वास्तव में अध्ययन करते हैं और बड़ी संख्या में अध्ययनरत छात्रों की दर्ज संख्या फर्जी है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल०पी० साही) : (क) मध्य प्रदेश में 28518 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं ।

(ख) वे ग्रामीण कार्यात्मक साक्षरता परियोजनाओं, राज्य प्रौढ़ शिक्षा परियोजनाओं, नेहरू युवक केन्द्र, संगठन, स्वैच्छिक एजेंसियों तथा विश्वविद्यालय/कालेज, नामक योजनाओं के अन्तर्गत संचालित किये जा रहे हैं ।

(ग) इन केन्द्रों में प्रौढ़ शिक्षुओं की संख्या 8,53,266 है ।

(घ) जी, नहीं ।

मध्य प्रदेश में नवोदय विद्यालयों में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के छात्र

922. **श्री अजीत जोगी** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में नवोदय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों में से कितने प्रतिशत छात्र अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अल्पसंख्यक वर्ग के हैं;

(ख) क्या यह प्रतिशत मध्य प्रदेश में उनकी संख्या से मेल खाता है;

(ग) क्या सरकार ने उनके प्रवेश के लिए कोई न्यूनतम आरक्षण प्रतिशत निर्धारित किया था; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० साही) : (क) नवोदय विद्यालय योजना में केवल अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति की श्रेणियों के लिये ही आरक्षण का प्रावधान किया गया है अतः इन्हीं वर्गों से सम्बन्धित आंकड़े रखे जाते हैं । अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदायों से संबंधित क्रमशः 20.9 प्रतिशत तथा 13.9 प्रतिशत छात्र मध्य प्रदेश में विभिन्न नवोदय विद्यालयों में पढ़ रहे हैं ।

(ख) से (घ) नवोदय विद्यालय योजना में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के विद्यार्थियों के पक्ष में सीटों का आरक्षण संम्बन्धित जिले में उनकी जन संख्या के अनुपात में करने की व्यवस्था है बशर्ते कि किसी भी जिले में ऐसे आरक्षण राष्ट्रीय औसत से कम नहीं होना चाहिए । यदि इन दोनों वर्गों में से एक वर्ग के बच्चे पर्याप्त संख्या में अर्हता प्राप्त नहीं करते हैं तो दोनों वर्गों के बीच स्थानों का अन्तः विनिमय करना संभव होगा। परीक्षण तकनीकों में आवश्यक सुधार भी किए गये हैं ताकि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को उनके लिए निर्धारित आरक्षण के अनुसार नवोदय विद्यालयों में प्रवेश को सुनिश्चित किया जा सके । मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के वर्गों से संबंधित विद्यार्थियों की प्रतिशतता राष्ट्रीय औसत से क्रमशः 15 प्रतिशत तथा 7.1/2 प्रतिशत अधिक है ।

मध्य प्रदेश में महिलाओं के लिये पालीटेकनीक कालेज का स्थापित किया जाना

923. **श्री अजीत जोगी** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में महिलाओं के लिए अलग से पालीटेकनीक कालेज स्थापित किए जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा कोई प्रस्ताव केन्द्रीय सरकार के पास भेजा गया है; और

(घ) यदि हां, तो उस पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा और संस्कृति विभागों में राज्य मंत्री (श्री एल० पी० साही) : (क) से (घ) मध्य प्रदेश सरकार ने चार महिला पालिटेक्नीक की स्थापना के लिए प्रस्ताव भेजे हैं । अन्य राज्यों से प्राप्त इसी प्रकार के प्रस्तावों के साथ ये प्रस्ताव भी विचाराधीन हैं।